### शिवजन्मोत्सव का भव्य आगाज,शौर्य दौड़ में गूंजा जय शिवराय का उद्घोष

# छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर रहेगा स्थानीय अवकाश: जिला कलेक्टर

## नागपुर के राजन यादव ने जीती 10 किमी की दौड़; विजेताओं पर हुई पुरस्कारों की वर्षा



**नवभारत न्यूज**
**सौसर 17 फरवरी** - हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की 396 वीं जयंती के उपलक्ष्य में श्री शिवराय संगठन सौसर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्री शिवजन्मोत्सव का उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आगाज राष्ट्रध्वज वंदन और वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान के गायन के साथ किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। आयोजन के प्रथम दिन राहुल मोहोड़ मित्र मंडली% के विशेष सहयोग से आयोजित 10 किमी की शौर्य दौड़ में क्षेत्र एवं पड़ोसी जिलों के 100 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। जय शिवराय के गगनभेदी उद्घोष के साथ धावकों ने अपनी खेल भावना का प्रदर्शन किया।

**कलेक्टर ने की स्थानीय अवकाश की घोषणा**

पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ ने की। विशेष अतिथि के रूप में पांढुर्णा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश एवं एसडीओपी श्रीमती प्रियंका पांडे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने क्षेत्रवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए शिवाजी महाराज की जयंती पर स्थानीय अवकाश की घोषणा की, जिसका श्री शिवराय संगठन ने हृदय से आभार व्यक्त किया।

**विजेताओं को मिले नकद पुरस्कार और मेडल**

प्रतियोगिता के सफल धावकों को नकद राशि, स्मृति चिन्ह (शील्ड), मेडल

### गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संदीपभाऊ मोहोड़, पूर्व नपाध्यक्ष लक्ष्मण चाके, संजय राठी, गोपाल शर्मा अध्यक्ष, जामसंवली धाम, नपाध्यक्ष सुरेखा इंद्रचंद डागा, उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, पूर्व पार्षद दर्शन झाड़े, माया राउत, उषा भमोरे, जनपद अध्यक्ष संजय भूते, पूर्व सैनिक आशीष ठाकरे, रमेश गौतम एवं श्री शिवराय संगठन के अध्यक्ष प्रदीप बिघाने सहित संगठन के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।





और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमे बालक वर्ग में प्रथम राजन यादव नागपुर द्वितीय निखार भलावी गोंदिया इसी तरह तृतीय स्थान रूपेश चौरे रिधोरा ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रथम प्रतिमा परतेती द्वितीय मयूरी ददघाये तथा तृतीय स्थान पर रोशनी इवनाती रही। इसके अलावा विशेष सम्मान के रूप में नन्हे धावक शिवांश पंकज धमधर को उनके अदम्य उत्साह के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप मेडल और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**संगठन ने जताया आभार –**

श्री शिवराय संगठन के अध्यक्ष प्रदीप बिघाने ने पुलिस प्रशासन, नगर पालिका और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि आगामी दो दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम और शिव चरित्र व्याख्यान का भव्य आयोजन किया जाएगा।

# सिद्धचक्र महामंडल विधान और विश्वशांति महायज्ञ का भव्य आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**सौंसर 18 फरवरी** - सकल दिगंबर जैन समाज सौंसर द्वारा नगर में भव्य धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 20 से 24 फरवरी तक श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर, वार्ड नं. 12, सिविल लाइन में श्री 1008 श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान, मूलवेदी मानस्तंभ शिलान्यास एवं विश्वशांति महायज्ञ संपन्न होगा।

**प्रमुख संतों का मिलेगा सान्निध्य**

यह कार्यक्रम परम पूज्य 108 गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज और पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुनि श्री सुप्रभसागर जी एवं मुनि श्री प्रणतसागर जी महाराज (ससंघ) का मंगल सान्निध्य भक्तों को प्राप्त होगा।

**आयोजन के मुख्य आकर्षण**

पाँच दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान में विभिन्न आध्यात्मिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। सिद्धचक्र महामंडल विधान- अष्टान्हिका पर्व के समान फल देने वाला यह विधान विश्व शांति की कामना के साथ किया जाएगा। शिलान्यास समारोह- मंदिर परिसर में नवीन मूलवेदी और मानस्तंभ के निर्माण हेतु शिलान्यास की विधि विधानपूर्वक संपन्न होगी।विश्वशांति महायज्ञ- मंत्रोच्चार के साथ आहुतियाँ दी जाएंगी, जिसका उद्देश्य लोक कल्याण और शांति स्थापित करना है।

**विद्वानों का मार्गदर्शन**

पूरे कार्यक्रम का संचालन और विधि-विधान विधानाचार्य व प्रतिष्ठाचार्य पं. श्री अखिलेश शास्त्री रमगढ़ा, शाहगढ़ के कुशल निर्देशन में संपन्न होगा। बहरहाल सकल दिगंबर जैन समाज, सौंसर ने सभी धर्मानुरागी बंधुओं से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## 1 मार्च को आयोजित होगा 38वा हराम खाऊ सम्मेलन

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा कि अनोखी परंपरा जो कि निरंतर 1989 से होलिका दहन कि पूर्व सध्या मे हास्य बुलेटिन हरामखाऊ टाईम्स वा अपमान समारोह प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अपनी परंपरा का निर्वहन करते हुए दिनाँक 01मार्च 2026कि शाम 7 बजे से स्थान - दशहरा मैदान(पोला ग्राउंड) छिंदवाड़ा मे रंगारंग विमोचन कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमे लाफ्टर चैलेंगे विनर हास्य कलाकार * हम सबको हास्य रस से सराबोर करने हमारे बीच उपस्थित होंगे और इस वर्ष परंपरानुसार रंगारंग *पेरोडी गीत संगीत कि मधुर शाम के साथ हास्य पत्रिका हरामखाऊ टाईम्स के 38वे अंक का विमोचन कार्यक्रम होगा, जिसमे आप सहपरिवार इष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित है।

# कलश यात्रा के साथ से शुरू हुई भागवत कथा



**नव भारत न्यूज,**
**बडचिचोली ,18 फरवरी,** ग्राम के सीताराम महाराज मंदिर प्रांगण में षष्टि मेला के उपलक्ष में भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ 18 फरवरी से प्रारंभ हुआ है जो आगामी 24 फरवरी 2026 तक भागवत कथा हौंगी ।

आज 18 फरवरी को कार्यक्रम घट स्थापना तथा कलश स्थापना पँडित दिनेश तातेकर के मंत्रोचार से सीताराम महाराज का अभिषेक किया गया तथा पुजा अर्चना की गई ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई जो ग्राम का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर में पहुंची भागवत कथा प्रवक्ता दीप शरण जी चित्रकूट धाम के द्वारा कथा का वाचन किया गया 23 फरवरी को भव्य पालकी व शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा 24 फरवरी को गोपाल काला कीर्तन हरि भक्त परायण रामचंद्र कालबाँडे महाराज के द्वारा कीर्तन का कार्यक्रम होगा तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण होगा यह कार्यक्रम परमहंस सतगुरु सीताराम महाराज मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासी बडचिचोली के द्वारा आयोजित हो रहा है तथा कथा का वाचन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक होगा।

# श्रीमती सरिता बोबड़े की 10 वीं से लेकर एलएलएम, एमएड, एम फील और पीएचडी तक की प्रेरक यात्रा



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 18 फरवरी,** शब्द जब मंत्र बनते हैं और जिंदगी बदलने में महती भूमिका निभाते हैं तब डा श्रीमती सरिता बोबड़े और विजय बोबड़े के जीवन में शब्द भी सरस्वती बनकर उतर आते हैं। विजय बोबड़े की बड़ चिचोली से महू तक की यात्रा कई विजयों की साक्षी बनी है। महू संगठन को खड़ा करने से लेकर अपने दोनों अनुजों को अपने पैरों पर खड़ा करने जैसी पहल के साथ स्वयं के लड़खड़ाते कदमों को इतनी ताकत दी गई कि घर- परिवार के दायित्वों का बड़े से बड़ा बोझ भी भलीभाँति उठाने में सक्षम वे हो सकें।

आपकी धर्म पत्नी श्रीमती सरिता बोबड़े 1996 में आपके जीवन में आई तो उस समय वह 10 वीं फेल थीं और आपके दो सहकर्मियों की भी उसी साल शादी हुई थी जिनकी पत्नियां एमए पास थीं। तब आपके सिनियर केरला निवासी कर्मचारी द्वारा कहे गये शब्द कि पत्नी का कम से कम ग्रेजुएशन तक शिक्षित होना जरूरी है ताकि वह घर परिवार में बच्चों की पढ़ाई- लिखाई का ध्यान रख सकें। विजय बोबड़े की प्रेरणा बनें।सबसे पहले विजय बोबड़े द्वारा जब श्रीमती सरिता बोबड़े को पीएचडी अवार्ड होने और अब तक प्राप्त शिक्षा और बच्चों की जानकारी केरला के सहकर्मी से साझा की गई गया । केरल में निवासरत उक्त व्यक्ति की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए और उनके द्वारा रुंधे गले से ढेर सारा आशीर्वाद दिया गया। सुखवाड़ा के पास वह आडियो रिकार्डिंग सुरक्षित है।

इसी प्रेरणा और आशीर्वाद से दसवीं फेल मेरी पत्नी ने आज देवी अहिल्या विश्व विद्यालय इंदौर में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की और मेरी बेटी एमबीबीएस करके इन्दौर में कोकिला बेन अस्पताल में सेवा कर रहीं हैं। दूसरी बेटी एमबीबीएस फाइनल में है और बेटा एमबीबीएस प्रथम वर्ष में है।

समाज की इस अहिल्या ने इंदौर की अहिल्या बाई को अपने जीवन में साकार किया। और देवी सीता की तरह अपने बच्चों को शिक्षित किया है। डा सरिता बोबड़े राष्ट्रीय भर्तृहरि विक्रम भोज पुरस्कार समिति भारत की सचिव है और हर आयोजन में अपनी उपस्थिति से समिति को गौरवान्वित करती है। ज्ञात हो, पुरस्कार समिति समाज की ऐसी पहली समिति है जिसमें अध्यक्ष और सचिव दोनों महिलाएँ हैं। पुरस्कार समिति की सफलता का श्रेय संभवत: इन्हीं मातृ शक्तियों को जाता है।

## विभागीय कार्यो की समीक्षा कर दिए निर्देश

# कलेक्टर श्री वशिष्ठ की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक सम्पन्न



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 18 फरवरी,** जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में समय-सीमा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, जनशिकायतों तथा केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन की बिंदुवार, तथ्यपरक एवं गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पहुँचना चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

**राजस्व एवं प्रशासनिक प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा**

आबादी भूमि की घोषणा एवं नक्शाविहीन क्षेत्रों के पुन: सर्वेक्षण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि आमजन की समस्याओं का त्वरित और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

**अधोसंरचना विकास कार्यों में गति लाने के निर्देश**

लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न सड़कों एवं पुलियाओं के निर्माण प्रस्ताव उच्च स्तर पर प्रेषित किए जाने की जानकारी प्रस्तुत की गई।

**कार्य शुरू नहीं करने वाले ठेकदार पर गिरी गाज**

रेस्ट हाउस पांढुर्णा परिसर की सड़क निर्माण में टेंडर विलंब पर कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने एवं कार्य स्थगित करने के निर्देश दिए।

**पेयजल, स्वास्थ्य एवं निर्माण गुणवत्ता पर विशेष फोकस**

जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामों का सत्यापन एवं नई नल-जल योजनाओं की स्वीकृति प्रक्रिया जारी रहने की जानकारी दी गई। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा निर्मित उप-स्वास्थ्य केंद्र भवनों—लेंढोरी एवं कोंढाली — में गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायतों पर कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने गंभीर संज्ञान लेते हुए डीपीआर के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

लोक स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान रसोइयों के लंबित भुगतान को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए गए, ताकि हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके।

**आंगनवाड़ी नियुक्ति पारदर्शी से कराने के निर्देश**

आंगनवाड़ी सहायिका नियुक्ति प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए श्री वशिष्ठ इसे पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

**सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर सख्त रुख**

सीएम हेल्पलाइन (181) के अंतर्गत 500 एवं 1000 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने विशेष नाराज़गी व्यक्त करते हुए सभी विभागों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए।

**शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान**

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शाला प्रबंधन समितियों से विद्यालय भवनों की छत मरम्मत संबंधी जानकारी संकलित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया।

**पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समन्वय से विकास को नई गति**

बैठक में जिला कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने स्पष्ट किया कि अधोसंरचना, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ही जिले में सुशासन स्थापित होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए प्रत्येक योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

**बैठक मे यह रहे उपस्थित**

बैठक में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, एसडीएम श्रीमती अलका एक्का, संयुक्त कलेक्टर सुश्री मेघा शर्मा, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती बंदू सूर्यवंशी, तहसीलदार पांढुर्णा सहित सभी संबंधित विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### किसानों को नवाचार एवं प्राकृतिक पद्धति अपनाने का संदेश

# वृंदावन ग्राम बड़चीचोली में प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 18 फरवरी,** वर्ष 2026 को किसान कल्याण के रूप में मना रहे है जिसमें कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में आज मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना अंतर्गत किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग पांढुर्णा द्वारा प्राकृतिक खेती विषय पर प्रशिक्षण आयोजन किया गया।

जिसमें उपसंचालक कृषि श्री जितेंद्र सिंह द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित कृषकों को प्राकृतिक खेती की महत्ता बताते हुए रसायनों रसायनों के उपयोग को बंद कर प्राकृतिक तरीके से खेती करने प्रोत्साहित किया। यह प्रशिक्षण बड़चीचोली के गोवर्धन गोशाला में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में उपस्थित किसानों को जीवामृत, निर्मास्त्र, घन जीवामृत बनाने की विधि का जीवंत प्रदर्शन कर प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस प्रशिक्षण में उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग से श्री एम.एल. उईके, श्री सिद्धार्थ दुपारे द्वारा विभागीय कृषक हित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पशुपालन विभाग से अधिकारियों द्वारा पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस कार्यशाला में ग्राम सरपंच श्रीमती भारती शेंडे, अनु विभागीय अधिकारी कृषि सुश्री अर्चना डोंगरे, सहायक संचालक कृषि श्री दीपक चौरसिया, श्री सचिन दास, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विनोद लोखंडे, कृषि विस्तार अधिकारी पंकज पराड़कर, सुनील गजभिए, साक्षी खरात एवं ग्राम के प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

साथ ही ग्राम के उन्नतशील कृषक श्री गजानन डिग्रसे के खेत में नवाचार के अंतर्गत ली जा रही कटहल एवं गेहूं की फसल का अवलोकन किया गया। कृषक श्री गजानन डिग्रसे ने बताया विभाग के मार्गदर्शन में कटहल की फसल लगाई है एवं किसान को कृषि फसलों के साथ साथ कटहल की फसल से अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। किसान द्वारा प्राकृतिक विधि का उपयोग किया जा रहा है।

उपसंचालक कृषि श्री सिंह ने किसान के द्वारा की जा रही नवाचार गतिविधि को सराहा गया है और जिले के अन्य कृषकों से अपील की है कि खेती में नवाचार एवं प्राकृतिक खेती अपनाकर कम लागत में अधिक आय प्राप्त कर सकते है।

## सांसद विवेक बंटी साहू के मार्गदर्शन में कल लगेगा विशाल नि :शुल्क नेत्र शिविर

**छिन्दवाड़ा।** चिकित्सा सुविधाओं को अपनी प्राथमिकताओं में रखते हुए सांसद बंटी विवेक साहू पिछले दो वर्षों से छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में 100 दिवसीय शिविरों का आयोजन करके हजारों मरीजों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहे है। सांसद श्री साहू की पहल पर पिछले दिनों आयोजित हुए 100 दिवसीय शिविरों के दौरान मिले 745 मोतियाबिंद के मरीजों का देवजी नेत्रालय जबलपुर में नि:शुल्क ऑपरेशन कराया गया। छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के मोतियाबिंद मरीजों को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उपलब्ध कराने के लिए छिंदवाड़ा जिला चिकित्सालय में 20 फरवरी को सांसद विवेक बंटी साहू के निर्देशन और मार्गदर्शन में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ छिंदवाड़ा के द्वारा विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आंखों की सब प्रकार की जांच और मोतियाबिंद के ऑपरेशन नि:शुल्क किए जाएंगे। मोतियाबिंद के ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज छिन्दवाड़ा की नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. भारती बदलानी एवं टीम द्वारा किए जाएंगे। मोतियाबिंद के ऑपरेशन के पश्चात सभी मरीजों को दवाएं तथा चश्मे भी नि:शुल्क प्रदान किए जाएंगे।सांसद बंटी विवेक साहू एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. कृष्ण हरजानी ने छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा की जनता से इस शिविर का लाभ लेने की अपील की है। 20 फरवरी दिन शुक्रवार को आयोजित होने वाले इस विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर का स्थान गेट नंबर 1 अनगढ़ हनुमान मंदिर के बाजू से जिला अस्पताल छिन्दवाड़ा में रखा गया है।